संख्या 871 /IX-1/2017/85/17

प्रेषक,

उत्पल कुमार सिंह
मुख्य सचिव
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

1—समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/प्रभारी सचिव,
2—मण्डलायुक्त, गढ़वाल एवं कुमाँऊ।
3—समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष।
3—समस्त जिलाधिकारी।

परिवहन अनुभाग—1 देहरादूनः दिनांक 6 दिसम्बर, 2017

विषय— स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत प्रदेश में साफ—सफाई एवं स्वच्छता को बढ़ावा दिये जाने के दृष्टिगत दोपहिया वाहनों को छोड़कर अन्य वाहनों में डस्टबीन/डस्टबैग की व्यवस्था किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आप अवगत हैं कि मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा दिनांक 02 अक्टूबर, 2014 को "स्वच्छ भारत मिशन" की शुरूआत की गई है, जिसका उद्देश्य भारत के शहरों, नगरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता को को बढ़ावा देना है। इस संबंध में मा0मुख्यमंत्री जी द्वारा प्रदेश में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित किये जाने हेतु दुपहिया वाहनों को छोड़कर अन्य राजकीय, निजी एवं व्यवसायिक वाहनों में अनिवार्य रूप से एक डस्टबीन/डस्टबैग लगाये जाने के निर्देश दिये गये हैं तथा यह अपेक्षा की गयी है कि प्रदेश में समस्त राजकीय विभागों/निगमों/स्वायत्तशासी संस्थाओं में कार्यरत समस्त महानुभाव/अधिकारी/कर्मचारी अपने शासकीय/निजी वाहनों में डस्टबीन/डस्टबैग रखने की शुरूआत करते हुंए प्रदेश के नागरिकों के समक्ष एक आदर्श प्रस्तुत करें।

2— अतः उपरोक्त के कम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि मा0मुख्यमंत्री जी के निर्देशों के अनुपालन में विभागों/निगमों/स्वायत्तशासी संस्थाओं के महानुभावों/अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा अपने शासकीय/निजी वाहनों में डस्टबीन/डस्टबैग रखने की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

( उत्पल कुमार सिंह )
मुख्य सचिव।

संख्या /IX-1/2017/85/17

प्रतिलिपि अपर सचिव/राज्य सम्पत्ति अधिकारी, राज्य सम्पत्ति विभाग को इस आशय से प्रेषित कि कृपया राज्य सम्पत्ति विभाग के नियंत्रणाधीन शासकीय वाहनों में डस्टबीन/डस्टबैग लगाये जाने हेतु तत्काल अग्रेत्तर कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

( डी0 सेन्थिल पाण्डियन,)
सचिव।